सरीब्रल पाल्सी से ग्रस्त वयस्कों के लिए NDIS लक्ष्य निर्धारण



my CP Guide

लक्ष्य निर्धारित करना NDIS (राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना) योजना प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और स्पष्ट रूप से व्यक्त किए गए लक्ष्य, आपकी NDIS योजना के परिणामों का अधिक से अधिक लाभ उठाने में मदद कर सकते हैं। चाहे यह आपकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाना हो, संबंध बनाना हो या आपकी शारीरिक कार्य कार्यक्षमता में सुधार करना हो, स्पष्ट किए गए लक्ष्य, सहायता और सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आवश्यक NDIS वित्तीय सहायता प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

आपके लक्ष्य:

- वो चीज़ें हैं जिन्हें आप NDIS के समर्थन से हासिल करना चाहते/ती हैं
- आपकी विकलांगता की आवश्यकताओं और भविष्य की आपकी आकांक्षाओं से संबंधित होने चाहिए
- NDIS को आपकी विकलांगता और यह समझने में मदद करते हैं कि यह आपके जीवन को कैसे प्रभावित करती है
- आपकी NDIS योजना में वित्तीय कोश कैसे आवंटित किया जाता है, इसे प्रभावित करते हैं।

NDIS सहायता की तीन श्रेणियां होती हैं **- बुनियादी (core), क्षमता निर्माण (capacity building) और कैपिटल (capital)**। हम अनुशंसा करते हैं कि NDIS के सारे प्रतिभागी इन श्रेणियों को, और इस बात को समझें कि ये श्रेणियाँ क्या वित्तीय सहायता दे सकती हैं और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता हेतु अपने अनुरोध को कैसे जोड़ना है। यह आपको अपनी NDIS योजना की बैठक या चर्चा के लिए तैयार करने में मदद करेगा।

याद रखें:

बुनियादी (Core) सहायता	**कैपिटल सहायता**	**क्षमता निर्माण सहायता**
रोज़मर्रा की गतिविधियों, आपकी वर्तमान विकलांगता-संबंधी ज़रूरतों और अपने लक्ष्यों की दिशा में कैसे काम करना है, इन बातों में आपकी मदद करती है	में शामिल होते हैं उच्च लागत वाले सहायक प्रौद्योगिकी डिवाइसेस, उपकरण और घर या वाहन में किये जाने वाले संशोधन, और एक बार खरीदी जाने वाली, मरम्मत की जाने वाली, रखरखाव की जाने वाली, और किराए पर लिए जाने वाली ऐसी चीज़ों के लिए धनराशि, जिनकी आपको आवश्यकता हो सकती है।	अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में मदद करने के लिए आपको अपनी स्वतंत्रता और कुशलता का विकास करने में मदद करती है

निम्नलिखित लक्ष्य-निर्धारण के उदाहरण, आपको अपने लक्ष्यों के बारे में निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं। उनका वर्णन इसलिए किया गया है ताकि वे परिणामों पर ध्यान केंद्रित करके और क्षमता निर्माण के उद्देश्य के साथ, NDIS के सिद्धांतों से संरेखित हों। ये अनुकूलनशील भी होते हैं, क्योंकि यदि वे बहुत विशिष्ट होंगे, तो यह इस बात पर प्रतिबंध लगा सकता है कि उनकी प्राप्ति के लिए आप अपनी फंडिंग (वित्तीय राशि) का उपयोग कैसे करते हैं।

यह दस्तावेज़ 'सीपी-अचीव ए सेंटर ऑफ़ रिसर्च एक्सीलेंस एट मर्डोक चिल्ड्रेन्स रिसर्च इंस्टीट्यूट' और 'माई CP गाइड' द्वारा साझेदारी में विकसित किया गया है।

किन चीज़ों के लिए धन-राशि दी जाती है, यह देखने के लिए इस वेबसाइट पर जाएँ: ndis.gov.au/our-guidelines



बुनियादी (Core) सहायता

दैनिक जीवनयापन में सहायता (श्रेणी 1)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	लक्ष्य
दैनिक जीवन में सहायता	दैनिक गतिविधियों और व्यक्तिगत देखभाल में सहायता के लिए, जैसे कि आपकी दैनिक दिनचर्या और भोजन की तैयारी को पूरा करने में सहायता के लिए एक सहायक कार्यकर्ता की मदद के संदर्भ में	• मैं घर और समुदाय में अपने व्यक्तिगत कौशल और क्षमता को बढ़ाना चाहता/ती हूँ, ताकि मैं यथासंभव आत्मनिर्भर रह सकूँ।. • मैं वर्तमान में और भविष्य में, यथासंभव रुप से सुरक्षित और स्वतंत्र रुप से अपने घर में रहने के लिए अपने दैनिक जीवन की कुशलताओं में सुधार करना चाहता/ती हूँ।. • मैं अपने स्वास्थ्य और खुशहाली को बनाए रखना और उनमें सुधार लाना चाहता/ती हूँ।. • मैं अपने घरेलू जीवन के रख-रखाव, और अपने, अपने परिवार के लिए और हमारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भोजन तैयार करने में सहायता चाहता/ती हूँ। मुझे किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता हो सकती है जो मेरे आहार या सांस्कृतिक आवश्यकताओं से मेल खाने वाले भोजन को तैयार कर सके।.
आपके दैनिक जीवन की कुशलताओं में मदद	आत्मनिर्भर जीवन और जीवन-कौशल विकसित करने में सहायता के लिए, जैसे खाना बनाना सीखना, बजट संभालना और बिलों का भुगतान करना	
घर और आँगन (यार्ड) का रख-रखाव	बागवानी, घास काटना, बुनियादी रखरखाव और बागवानी सीखने में सहायता, या यदि आवश्यक हो तो आपके लिए यह काम करना।	
घर की सफ़ाई और अन्य घरेलू गतिविधियाँ	घर के काम करने में सहायता के लिए, या आपको यह दिखाने के लिए कि उसे कैसे करना है या यदि आवश्यक हो तो आपके लिए यह काम करना।	
भोजन की तैयारी और योजना बनाने में सहायता	भोजन की योजना और तैयारी तथा स्वस्थ भोजन में कौशल विकसित करने में सहायता के लिए	
आहार विशेषज्ञ परामर्श और आहार योजना का विकास* **इस सहायता का दावा 'क्षमता निर्माण -** बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाली' (Capacity building – Improved health and wellbeing) के तहत भी किया जा सकता है'	ऐसी भोजन योजनाएँ तैयार करने में सहायता के लिए जो आपके आहार और सांस्कृतिक आवश्यकताओं और खाना पकाने की कुशलता के आपके स्तर के अनुसार उपयुक्त हों	

परिवहन भत्ता (श्रेणी 2)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	लक्ष्य
परिवहन भत्ता (बिना किसी कठिनाई के सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने में असमर्थ लोगों के लिए)	आपकी परिवहन आवश्यकताओं, जैसे नियुक्तियों (अपॉइंटमेंट्स), काम या सामाजिक गतिविधियों में आने-जाने के लिए पाक्षिक (प्रति दो हफ्ते) या मासिक भुगतान	• मैं आर्थिक और सामाजिक रूप से भाग लेने में सक्षम होना चाहता/ती हूँ, और अपने काम-काज के स्थान पर आने-जाने और सामाजिक गतिविधियों को अपनाने में सक्षम होना चाहता/ती हूँ। • घर के बाहर जिस सहायता की मुझे आवश्यकता है, उसे प्राप्त करने में मैं सक्षम होना चाहता/ती हूँ। • मैं अपने परिवार, अपने दोस्तों और समुदाय से जुड़ने में सक्षम होना चाहता/ती हूँ।

उपभोग्य वस्तुएं (श्रेणी 3)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	लक्ष्य
उपभोग्य वस्तुएं (Consumables) आपकी विकलांगता से जुड़ी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए रोज़मर्रा की वस्तुओं की खरीद को वित्तपोषित करती हैं, जैसे कि आत्मनिर्भरता और गतिशीलता में सुधार के लिए, जैसे कि कॉन्टीनेंस (असंयमिता) उत्पाद या कम लागत वाली सहायक तकनीकी वस्तुएं और उपकरण ($1,500 या उससे कम)।	• विकलांगता-विशिष्ट स्वास्थ्य सहायता, जैसे जूते, आहार सप्लिमेंट्स (अनुपूरक), घाव की देखभाल, और असंयमिता उत्पाद • स्वतंत्र रहने के उपकरण - व्यक्तिगत अलार्म, एक ड्रेसिंग स्टिक, शूहॉर्न, स्मार्ट लाइट, विशेष कैन ओपनर, केतली का टिपर, आदि। *नोट: वस्तुओं की पहचान करने और अनुशंसा किए जाने से पहले ऑकुपेशनल थेरेपी (व्यावसायिक चिकित्सीय) मूल्यांकन की आवश्यकता हो सकती है • कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, मोबाइल फोन ऐप्स	• मैं अपने CP के लक्षणों को प्रबंधित करना चाहता/ती हूं, स्वस्थ रहना चाहता/ती हूँ और अपनी गरिमा बनाए रखना चाहता/ती हूँ। • मैं अपनी सुरक्षा, कार्यक्षमता, आत्मनिर्भरता और खुशहाली को बेहतर बनाने के लिए कम लागत वाली सहायक तकनीक को प्राप्त/उपयोग करने में सक्षम होना चाहता/ती हूँ।
बातचीत में सहायता	ऑग्मेन्टेटिव (संवर्धित) और वैकल्पिक संचार उपकरण, प्रणालियाँ और साधन	मैं ऐसे तरीके विकसित करना चाहता/ती हूँ जिससे मैं उन लोगों के साथ बेहतर संवाद कर सकूँ जो मेरी दैनिक ज़रूरतों में मदद करते हैं।



सामाजिक एवं सामुदायिक भागीदारी में सहायता (श्रेणी 4)

कसि बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	लक्ष्य
सामुदायिक सामाजिक और मनोरंजक गतिविधियों की सुलभता	खरीदारी और नियुक्तियों (अपॉइंटमेंट्स) में आने-जाने जैसी सामुदायिक गतिविधियों की सुलभता में सहायता	• मैं अपने साथियों की तरह, समुदाय में पूरी तरह से भाग लेने के अवसर चाहता/ती हूँ। • मैं अपने माता-पिता/देखभालकर्ताओं (यदि लागू हो) से आत्मनिर्भर होकर, अपने साथियों की तरह समाज में पूरी तरह से भाग लेने के अवसर चाहता/ती हूँ। • मैं दोस्त बनाने और सामुदायिक और मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने के लिए अपने सामाजिक और संचार संबंधी कौशल विकसित करना चाहता/ती हूँ।
गतिविधि आधारित परिवहन	आपको गतिविधियों तक ले जाने और वापस लाने के लिए श्रमिकों के लिए प्रति किलोमीटर प्रतिपूर्ति	

कैपिटल सहायता

सहायक प्रौद्योगिकी (श्रेणी 5)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	
सहायक प्रौद्योगिकी	आपकी विकलांगता से संबंधित कोई यंत्र, उपकरण या प्रौद्योगिकी, उन कार्यों को करने में सहायता के लिए जिन्हें आप सहायक प्रौद्योगिकी के बिना करने में असमर्थ हैं। इसमें व्हीलचेयर, स्कूटर, स्थानांतरण उपकरण और मोबिलिटी एड्स (चलने-फिरने में सहायक उपकरण), जिसमें वाहन में किये जाने वाले संशोधन और ऑर्थोटिक्स शामिल हैं	• मैं अधिक आत्मनिर्भर होना चाहता/ती हूँ और चाहता/ती हूँ कि अपने समाज में सुरक्षित रूप से आ-जा सकूँ। • मैं सामाजिक गतिविधियों और रोज़गार में भाग लेना चाहता/ती हूँ।

घर में किए गए संशोधन और विशिष्ट विकलांगता आवास (श्रेणी 6)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	लक्ष्य
घर में किए जाने वाले संशोधन	आपके घर के उपकरणों या गैर-संरचनात्मक भागों का डिज़ाइन, निर्माण और इन्स्टलेशन (स्थापना), या उनमें किसी प्रकार का/के परिवर्तन, और फिक्स्चर या फिटिंगस का इन्स्टलेशन, जैसे कि ग्रैब रेल (grab rails) और रैंप (इनके लिए चिकित्सक द्वारा आकलन और NDIA की मंज़ूरी की आवश्यकता होती है, और कोट [खर्चे के एक ब्यौरे] की आवश्यकता हो सकती है)	मैं ऐसे घर में रहना चाहता/ती हूँ जो सुरक्षित और सुलभ हो।
विशेषज्ञ विकलांगता आवास (स्पेशलिस्ट डिसबिलिटी अकॉमोडेशन/SDA)	ऐसे प्रतिभागी जिन्हें उनकी कार्यक्षमता की अत्यधिक असमर्थता के कारण और/या बहुत उच्च-स्तरीय सहायता आवश्यकताएँ होने के कारण, विशेष आवास की आवश्यकता होती है, उनके लिए ऐसा आवास प्रदान करना जो उन्हें उस प्रकार की सहायता प्राप्त करने में मदद करे।	मैं अपने स्वयं के घर में जाना चाहता/ती हूँ या दूसरों के साथ घर शेयर (साझा) करना चाहता/ती हूँ और यथासंभव आत्मनिर्भरता के साथ रहना चाहता/ती हूँ।

क्षमता निर्माण सहायता

सहायता समन्वय (श्रेणी 7)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	लक्ष्य
स्तर 2: सहायता का समायोजन	सेवा प्रदाताओं को खोजने, उनसे संबंधित व्यवस्थाएँ करने और प्रशिक्षण की व्यवस्थाएँ करने में सहायता के लिए एक सहायता समन्वयक (स्पोर्ट कॉर्डिनेटर)	• मैं अपनी NDIS योजना का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहता/ती हूँ और चाहता/ती हूँ कि ऐसे सर्वोत्तम प्रदाताओं को ढूंढने में सहायता प्राप्त करुँ जो मेरी आवश्यकताओं और लक्ष्यों से मेल खाते हों। • मैं अपने NDIS संबंधी सहायताओं को खोजने और उनका उपयोग करने में अपने कौशल और आत्मविश्वास का निर्माण करना चाहता/ती हूँ। • मैं समुदाय से, मुख्यधारा वाली और अन्य सरकारी सेवाओं से जुड़ने के लिए सहायता चाहता/ती हूँ। • मैं अपनी अनौपचारिक सहायताओं से जुड़ने की अपनी क्षमता को मज़बूत करना चाहता/ती हूँ।
एक सहायता समन्वयक द्वारा योजना और वित्तीय प्रबंधन के बारे में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण	अपनी स्वयं की NDIS सेवाओं और सहायताओं का प्रबंधन करने हेतु, आवश्यक कुशलताएँ सीखने के लिए एक सहयोग-समन्वयक से सहायता	
स्तर 3: विशेषज्ञ सहायता समन्वय	जटिल स्थितियों को प्रबंधित करने और व्यवस्थाओं में सहायता करने के लिए एक ऐलाईड हैल्थ योग्यता-प्राप्त व्यक्ति द्वारा सहायता का समन्वय	
मनोसामाजिक बहाली संबंधी सिखलाई (साईकोसोशल रिकवरी कोचिंग)	मानसिक बीमारी से पीड़ित लोगों को सेवाओं, सहायताओं के आयोजन, और जीवन के मुद्दों के प्रबंधन में विशेष सहायता	

रहन-सहन की बेहतर व्यवस्थाएं (श्रेणी 8)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	लक्ष्य
आवास ढूँढने और इसे बनाए रखने सहित, आवास संबंधी सहायता	• एक किरायेदारी कर्मी आपके लिए सही आवास ढूंढने या इसे बनाए रखने में आपकी मदद करेगा, और इक़रारनामे पर बातचीत करने या मकान मालिक के साथ संवाद करने में आपकी सहायता करेगा। • आपको और अधिक आत्मनिर्भर जीवन जीने में मदद करने में सहायता	मैं सुलभ और उचित आवास खोजने में सहायता चाहता/ती हूँ, ताकि मैं अपने घर में, वर्तमान में और भविष्य में, सुरक्षित रुप से और यथासंभव आत्मनिर्भर रुप से रह सकूँ।

सामाजिक और सामुदायिक भागीदारी में वृद्धि (श्रेणी 9)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	
कौशल विकास एवं प्रशिक्षण	स्वयंसेवा करने संबंधी सहायता, सार्वजनिक परिवहन माध्यमों का उपयोग करना सीखने का प्रशिक्षण, साक्षरता और संख्यात्मक शिक्षा के पाठ्यक्रम, और पालन-पोषण के पाठ्यक्रम (इसमें प्रशिक्षण का शुल्क शामिल हो सकता है, लेकिन एक कोट [खर्चे का ब्यौरा] और NDIS की स्वीकृति का होना आवश्यक है)	• मैं घर और समुदाय में अपने कौशल और क्षमता को बढ़ाना चाहता/ती हूँ, ताकि और अधिक आत्मनिर्भर बन सकूँ। • मैं अपने स्वास्थ्य और खुशहाली को बनाए रखना और उनमें सुधार लाना चाहता/ती हूँ। • मैं सीखना चाहता/ती हूँ कि प्रौद्योगिकी (तकनीक) का उपयोग कैसे किया जाए जिससे मुझे बेहतर जुड़ा हुआ महसूस करने में मदद मिले। • मैं नई चीज़ों को आज़माने के लिए अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहता हूँ ताकि मैं नई जगहों पर जा सकूँ और नई गतिविधियों का आनंद उठा सकूँ।

नौकरी ढूँढना और इसे बनाए रखना (श्रेणी 10)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	
रोज़गार में सहायता	भुगतानशुदा रोज़गार तलाशने और नौकरी को लंबे समय तक बनाए रखने में सहायता	मैं अपने सामाजिक नेटवर्क का विस्तार करने, अपने रहन-सहन के स्तरों को ऊपर उठाने और मुझे वित्तीय स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान प्रदान करने के लिए नौकरी ढूंढना और इसे बनाए रखना चाहता/ती हूं।

बेहतर रिश्ते (श्रेणी 11)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	
व्यक्तिगत सामाजिक कुशलताओं का विकास	परिवार और दोस्ती सहित रिश्ते बनाने और इन्हें बनाए रखने का कौशल विकसित करने में सहायता	• मैं बातचीत का हुनर विकसित करना चाहता/ती हूँ, ताकि मैं दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ा सकूँ और स्वयंसेवा या कामकाज जैसी सामुदायिक गतिविधियों में भाग ले सकूँ। • मैं अपने आस-पास के लोगों के साथ अपनी बातचीत, व्यवहार और अंतः क्रियाओं में सुधार करना चाहता/ती हूँ। • मैं अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सक्षम होना चाहता/ती हूँ ताकि मैं दोस्तियाँ बना सकूँ और इन्हें बनाए रख सकूं। • मैं कठिनियियों से निपटने की अपनी कुशलताओं का विकास करना चाहता/ती हूँ जिससे अपनी संवेदिक आवश्यकताओं और चिंताओं का प्रबंधन कर सकूँ।

बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाली (श्रेणी 12)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	
व्यक्तिगत प्रशिक्षण और व्यायाम शारीरिक क्रिया विज्ञान (exercise physiology)	व्यायाम सीखने और गतिशीलता तथा ताकत बनाए रखने के लिए किसी निजी प्रशिक्षक या व्यायाम फिज़ियोलॉजिस्ट से सहायता	• मैं अपने शारीरिक स्वास्थ्य, अपनी गतिशीलता और खुशहाली को बनाए रखना, और उनमें सुधार लाना चाहता/ती हूँ। • मैं ऐसे प्रशिक्षकों के साथ काम करने में सक्षम होना चाहता/ती हूँ जो मेरी विकलांगता को और इस बात को समझते हैं कि व्यायाम के कार्यक्रमों, उपकरणों और तकनीकों को मेरी आवश्यकताओं के अनुरूप कैसे अपना सकते हैं।
आहार विशेषज्ञ परामर्श और आहार योजना का विकास* इस सहायता का दावा 'बुनियादी (Core) सहायता - दैनिक जीवन जीने में सहायता' (Core supports – Assistance with daily living) के माध्यम से भी किया जा सकता है।	ऐसी भोजन योजनाएँ तैयार करने में सहायता के लिए जो आपके आहार और सांस्कृतिक आवश्यकताओं और खाना पकाने की कुशलता के आपके स्तर के अनुसार उपयुक्त हों	मैं अपने घरेलू जीवन के रख-रखाव, और अपने, अपने परिवार के लिए और हमारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भोजन तैयार करने में सहायता चाहता/ती हूँ।



बेहतर सिखलाई (श्रेणी 13)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	
कौशल प्रशिक्षण और सलाह का प्रावधान, स्कूल से आगे की शिक्षा की ओर अग्रसर होने में सहायता के लिए व्यवस्थाएँ और अभिविन्यास संबंधी सहायता।	आगे की शिक्षा और रोज़गार के अवसरों तक पहुँचने में सहायता, जैसे कि: • पाठ्यक्रम का लागू किया जाना • अभिविन्यास के माध्यम से सहायता • अपनी पढ़ाई-लिखाई के कार्यभार का प्रबंधन और योजना बनाना • छात्र बजट • विशेष परिवहन (यदि विकलांगता के कारण इसकी आवश्यकता हो) • छात्र आवास या रहन-सहन की व्यवस्थाओं को स्थापित करना • हाई स्कूल से आगे की शिक्षा की ओर परिवर्तित होना	• मैं रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिए अध्ययन में भाग लेना चाहता/ती हूँ। • मैं स्कूल से आगे की शिक्षा में सफलतापूर्वक रुप से कदम रखने में अपनी मदद के लिए सहयोग चाहता/ती हूँ।

जीवन के बेहतर विकल्प (श्रेणी 14)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	
अपनी वित्तीय और संगठनात्मक कुशलताओं के निर्माण के लिए प्रबंधन-योजना और सहायता	NDIS इन्वॉइसों का भुगतान करने और NDIS योजना के वित्तीय कोश पर नज़र रखने के लिए एक सेवा	• मैं अपनी NDIS सहायता के प्रबंधन से जुड़े कार्यों को करने की अपनी क्षमता को मज़बूत करना चाहता/ती हूँ। • मैं अपनी वित्तीय और संगठनात्मक कुशलताओं का निर्माण करना चाहता/ती हूँ, और अपनी सहायताओं का उपयोग करने की अपनी क्षमता को बढ़ाना चाहता/ती हूँ।

दैनिक जीवनयापन में सुधार (श्रेणी 15)

किस बारे में	इसका उपयोग किस के लिए करना है	
थेरेपी संबंधी सहायता - **ऑकुपेशनल थेरेपी (व्यावसायिक चिकित्सा), वाक उपचार (स्पीच थेरेपी), फ़िज़ियोथेरेपी , व्यायाम फिज़ीयोलॉजी (एक्सर्साइज़ फिज़ीयोलॉजी), पोडाईट्री** *ध्यान दें: कौन से समर्थन उपलब्ध हैं, यह देखने के लिए NDIS विकलाँगता सम्बन्धित स्वास्थ्य समर्थन पेज़ देखें*	किसी ऐलाईड हैल्थ थैरापिस्ट, या थैरापिस्ट (चिकित्सक) द्वारा प्रशिक्षित एक थेरेपी सहायक द्वारा मूल्यांकन और व्यक्तिगत सहायता	• मैं संचार प्रौद्योगिकी और बातचीत में सहायक भागीदारों की सुलभता सहित, बातचीत करने और समझे जाने की अपनी क्षमता में सुधार करने के अवसर चाहता/ती हूँ। • मैं अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और सुधारने तथा गिरने की घटना से बचने के लिए अपनी गतिशीलता, मांसपेशियों की ताकत और संचालन में सुधार करना चाहता/ती हूँ। • कपड़े पहनते समय मैं और अधिक आत्मनिर्भर होना चाहता/ती हूँ। • मैं समुदाय तक की अपनी पहुँच में आने वाली बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने के लिए समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होना चाहता/ती हूँ।
निर्णय लेने, दैनिक योजना बनाने और बजट बनाने में सहायता	रोज़मर्रा के जीवन के कामों और निर्णयों के लिए कुशलता का विकास	मैं स्वतंत्र रुप से जीवन जीने में मदद करने के लिए अपनी वित्तीय और संगठनात्मक कुशलताओं का निर्माण करना चाहता/ती हूँ।
परामर्श	परामर्श – मनोविज्ञानिक	• मैं अपने जीवन कौशल को मज़बूत करना चाहता/ती हूँ और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास का निर्माण करना चाहता/ती हूँ। • मैं अपनी चिंता का प्रबंधन करना चाहता/ती हूँ और लोगों के साथ अपनी बातचीत में सुधार करना चाहता/ती हूँ।
सार्वजनिक परिवहन संबंधित सिखलाई सहित, व्यक्तिगत कुशलताओं का विकास और प्रशिक्षण	सार्वजनिक परिवहन और टैक्सियों का आत्मनिर्भरता से उपयोग करना सीखने में सहायता	• मैं सुरक्षित रुप से समुदाय की सुलभता चाहता/ती हूँ। • मैं आत्मनिर्भरता से यात्रा करने के लिए अपना आत्मविश्वास बनाना चाहता/ती हूँ।
सामुदायिक सहभागिता सहायता	विशिष्ट सहायता - सामुदायिक गतिविधियों और समूहों में भाग लेने में सहायता के लिए एक थैरापिस्ट (चिकित्सक)	मैं सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहता/ती हूँ।

सरीब्रल पाल्सी से ग्रस्त वयस्कों के लिए NDIS लक्ष्य निर्धारण अक्टूबर 2023

my CP Guide

murdoch children's research institute

CP-ACHIEVE
Centre of Research Excellence
Australian Centre for Health, Independence, Economic Participation and Value Enhanced Care for adolescents and young adults with Cerebral Palsy

यह प्रकाशन सरीब्रल पाल्सी ऑस्ट्रेलिया - माई सीपी गाइड के लिए मर्डोक चिल्ड्रेन्स रिसर्च इंस्टीट्यूट में सीपी-अचीव ए सेंटर ऑफ रिसर्च एक्सीलेंस की साझेदारी में विकसित किया गया है।

इस प्रकाशन में मूल शोध को CPSN फ्यूचर्स फंड द्वारा वित्त पोषित किया गया है।

इस दस्तावेज़ में व्यक्त की गई राय, टिप्पणियाँ और/या विश्लेषण लेखकों के हैं और ऐसा आवश्यक नहीं कि ये ऑस्ट्रेलियाई सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व करते हैं और इन्हें किसी भी तरह से ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा समर्थन-प्राप्त या सरकारी नीति की अभिव्यक्ति के रूप में समझा नहीं जा सकता है।